27/8/21

Friday

# 14. वाक्य तथा वाक्य - संरचना

वाक्य :- भाषा की वह इकाई, जो किसी भाव या विचार को पूरी तरह से ~~का~~ व्यक्त कर सकती है, वाक्य कहलाती है।

| | उद्देश्य | वाक्य का अंग | विधेय |
|---|---|---|---|
| | अध्यापक | | कक्षा में पढ़ा रहे हैं। |
| 1) | मेरे बड़े भाई | | कल लंदन से वापस आ रहे हैं। |
| 2) | दौड़कर आता हुआ बच्चा | | अचानक गिर गया। |

वाक्य के भेद → वाक्य

वाक्य

- रचना के आधारपर
- अर्थ के आधारपर

* रचना के आधारपर :- रचना की दृष्टि से सभी वाक्य एक जैसे नहीं होते। कुछ वाक्यों में केवल एक क्रिया पदबंध होता है, तो कुछ में एक से अधिक।

एक क्रिया पदबंध वाले वाक्य

1) लड़का गाँव गया है।

2) लड़की खाना बना रही है।

एकाधिक क्रिया पदबंध वाले वाक्य

3) वह लड़का गाँव गया है, जो मेरे घर में रहता है।

4) लड़का गाँव गया है और लड़की खाना बना रही है।